**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**21.08.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सराकर प्रदेश में रेस्ट हाउस का किराया बढाने पर विचार करेगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान आज विधायक विनोद सुलतानपूरी के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। विधायक भुवनेश्वर गौड के सवाल के जवाब में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र मनाली में जिन पुराने घरों में होम स्टे चल रहे है वहां पर अग्निशमन विभाग से एनओसी पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। विधायक मलेंद्र राजन के सवाल के जवाब में कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए सरकार द्वारा 3 रूपए प्रति लीटर की दर से दूध लिया जा रहा है और उन्हें विपणन के लिए परिवहन अनुदान भी दिया जा रहा है। विधायक कुलदीप सिंह राठौर के सवाल के जवाब में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि शिमला शहर में भीड–भाड को कम करने के लिए बागवानी निदेशालय को शिमला से शिफट नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि निदेशालय की राजधानी शिमला के नवबहार में 30 बीघा अपनी जमीन है और यहां पर 4 सौ 12 कर्मचारी कार्यरत है ऐसे में बागवानी निदेशालय को ठियोग शिफट करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने विधायक बलबीर वर्मा को कहा कि वह अपने क्षेत्र के विकास के लिए नया प्रस्ताव मुख्यमंत्री को दें वह सहानुभूतिपूर्वक उनकी समस्या को सुनेंगे। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार के कार्यकाल में उन्हें 12 हजार करोड रूपए जारी किए गए थे, तब उन्होंने वह पैसा क्यों नहीं खर्च किया। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पिछले काफी समय से यह पैसा अलग अलग मदों में बैंकों में बिना खर्च किए पड़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद उन पैसों को ट्रेजरी में जमा किया गया है। लोकनिर्माण मंत्री ने कहा कि जो पैसा स्टेट हैड का वापस लिया गया है उसे उसी विधानसभा क्षेत्र में नई प्रपोजल के साथ वापस किया जा रहा है। मंत्री ने विधायक से नई प्रोपजल भेजने को कहा। विधायक इंद्र दत्त लखनपाल के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि नागरिक अस्पताल बड़सर को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर आदर्श स्वास्थ्य संस्थान में स्वीकृत पदों की एवज में 6 विशेषज्ञ डॉक्टर, 8 स्टाफ नर्सिज और 2 ऑपरेशन थिएटर ऐसिसटेंट की नियुक्ति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी है।

..................................................................................

**वॉकआउट**

कर्मचारियों के लम्बित डीए व एरियर को लेकर आज विधानसभा में खूब हंगामा हुआ। प्रश्नकाल के दौरान विधायक सतपाल सत्ती के सवाल पर मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्य पहले वैल में नारेबाजी करते रहे और फिर सदन से वॉकआउट कर दिया। बाद में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री सदन में बार–बार राजनीतिक जवाब दे रहे हैं और जिन कर्मचारियों की बदौलत कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है उनसे किए वायदों को पूरा किया जाना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मई महीने तक कर्मचारियों को लम्बित डीए की तीन फीसदी किश्त जारी करने का अपने बजट भाषण में ऐलान किया था लेकिन आज तक उन्हें ये हक नहीं मिला है।

दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विपक्ष के वॉकआउट को राजनीति से प्रेरित बताया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार आर्थिक चुनौतियों के बावजूद कर्मचारियों के हित में कई फैसले ले रही है और आर्थिक स्थिति ठीक होने पर कर्मचारियों की सभी देनदारियां दी जाएंगी।

------------------------------------------------------------------

**<u>वरिष्ठ नागरिक दिवस</u>**

आज विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस है। इस मौके पर भारत सरकार के संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा हिमाचल प्रदेश द्वारा शिमला में स्वास्थ्य जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच सहित डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र, डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा, आयुष कार्यशाला, वरिष्ठतम पेंशनधारकों का सम्मान और पौधारोपण अभियान की जानकारी सांझा की गई। इस अवसर पर संचार लेखा नियंत्रक दीपक कुमार ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक दिवस पर आयुष विभाग ने योग और व्यायाम को लेकर भी वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक किया।

उधर विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर हमीरपुर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों को कई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां प्रदान कीं।

------------------------------------------------------------------